# Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
# In news In May 2019

मिला रोजगार

सोनीपत स्थित रेपिस्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किया प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## जीजेयू के प्रिंटिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का चयन सोनीपत स्थित रेपिस्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



प्रिंटिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता व कंपनी के अधिकारियों के साथ प्रतिभागी।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि सोनीपत स्थित रेपिस्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 27 अप्रैल को हुए ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के सीनियर डायरेक्टर संदीप सेठ और जसवंत कैरेवा (ऑपरेशन) नवीन चौधरी ने प्लेसमेंट प्रक्रिया का संचालन किया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में कंपनी द्वारा 10 विद्यार्थियों को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से साक्षात्कार के आधार पर छह विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान प्रिंटिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के विनायक, दिव्यांश, अमित, राजन, मोहित व अभय शामिल हैं। सभी चयनित विद्यार्थी जून 2019 में कंपनी ज्वाइन करेंगे। निदेशक प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने व मार्गदर्शन के लिए प्रिंटिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेगी व सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता का आभार प्रकट किया है।

### जीजेयू के 34 विद्यार्थियों को इंफोसिस में मिली जॉब



हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुए राज्य स्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों सहित कुल 34 विद्यार्थियों का चयन इंफोसिस लिमिटेड में हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के सौजन्य से इंफोसिस लिमिटेड कंपनी ने सिस्टम इंजीनियर के पद के लिए विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। इंफोसिस कंपनी के एचआर शान बाटा व सुमित पाल से प्री-प्लेसमेंट टॉक के बाद हरियाणा के विभिन्न भागों के 20 से अधिक संस्थानों के 225 विद्यार्थियों ने इस ड्राइव में भाग लिया। सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमएससी फिजिक्स की पालकी गक्खड़ व मेघावी खटकड़, एमटेक फूड टेक्नोलॉजी की अंजली नरवाल, एमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के नितिन शर्मा, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के कमल सिंह, काजल अरोड़ा व ऊषा कुमारी, बीटेक आईटी की सुवर्णा कालिया और बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भानु प्रताप व नीरज सिंघोहा और एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के आशीष कुल शामिल हैं।

अमर उजाला 04-05-19

कुलपति ने चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

## गुजवि के 11 विद्यार्थियों का इन्फोसिस लिमिटेड कंपनी ने किया चयन

- राज्यस्तरीय पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रदेश के विभिन्न भागों से 225 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राज्यस्तरीय पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव' में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों सहित कुल 34 विद्यार्थियों का चयन इन्फोसिस लिमिटेड में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के सौजन्य से इन्फोसिस लिमिटेड कम्पनी ने सिस्टम इंजीनियर के पद के लिए विश्वविद्यालय में राज्यस्तरीय पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। इन्फोसिस कम्पनी के एचआर शान बाटा व सुमित पाल से प्री-प्लेसमेंट टॉक के बाद हरियाणा के विभिन्न भागों के 225 विद्यार्थियों ने इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया।



हिसार। चयनित विद्यार्थी कुलपति प्रो. टंकेश्वर के साथ। फोटो: हरिभूमि

सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमएससी फिजिक्स की पालकी गक्खड़ व मेधावी खटकड़, एमटेक फूड टैक्नोलोजी की अंजली नरवाल, एमटेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के नितिन शर्मा, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के कमल सिंह, काजल अरोड़ा व ऊषा कुमारी, बीटेक आईटी की सुवर्णा कालिया तथा बीटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग के भानु प्रताप व नीरज सिंघोहा तथा एमटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग के आशीष कुल शामिल हैं।

### आर्यन स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हिसार। डिफेंस रोड स्थित दी आर्यन स्कूल का सीबीएसई 12वीं कक्षा परिणाम में शत प्रतिशत अंक हासिल किया। आर्ट्स संकाय की हिमांशी 97 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की टॉपर रही। वहीं कॉमर्स संकाय की अदिति 96.4 प्रतिशत तथा मेडिकल संकाय की शगुन 95.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही। वहीं कॉमर्स संकाय में कीर्ति 94.8 प्रतिशत, कुलजात कौर 93.4 प्रतिशत, तमन्ना 93.2 प्रतिशत, महक गोयल ने 93 प्रतिशत तथा आर्ट्स संकाय की अनुष्का ने 90 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्कूल प्रधानाचार्या अर्चना भंडारी ने बताया कि बारहवीं कक्षा में शारीरिक शिक्षा में अधिकतम अंक 100 में से 100, बिजनेस में 99, अकाउंटेंसी में 99, राजनीति शास्त्र में 99, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, बिजनेस स्टडीज सहित सभी विषयों में 95, अंग्रेजी में 94 तथा हिन्दी में 93 रहे।

हरिभूमि 04-05-19

# गुजवि के 34 विद्यार्थियों का इन्फोसिस लिमिटेड में चयन

हिसार, 4 मई (निस)। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में हुए 'राज्य स्तरीय पूल कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव' में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों सहित कुल 34 विद्यार्थियों का चयन इन्फोसिस लिमिटेड में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट के सौजन्य से इन्फोसिस लिमिटेड कम्पनी ने सिस्टम इंजीनियर के पद के लिए विश्वविद्यालय में 'राज्य स्तरीय पूल कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव' का आयोजन किया था। इन्फोसिस कम्पनी के एचआर शान बाटा व सुमित पाल से प्रि-प्लेसमैंट टॉक के बाद हरियाणा के विभिन्न भागों के 20 से अधिक संस्थानों के 225 विद्यार्थियों ने इस प्लेसमैंट ड्राइव में भाग लिया। इस ड्राइव में गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार सहित जैसी बॉस वाईएमसीएयूएसटी, डीसीआरयूएसटी, मुरथल, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र, सीडीएलयू सिरसा, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, यूआईईटी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक व हरियाणा के 20 से अधिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले दिन,



ऑनलाइन टैस्ट आयोजित किया गया, जिसके बाद गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहित 12 महाविद्यालयों के 53 विद्यार्थियों को सूचिबद्ध किया गया।

दूसरे दिन, सूचिबद्ध विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के बाद इंफोसिस लिमिटेड के पांच पैनल द्वारा व्यक्तिगत एवं तकनीकी साक्षात्कार आयोजित किए गए। इन 53 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित घोषित किया गया है, जिनमें से 11 विद्यार्थी गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार से हैं। निदेशक (प्लेसमेंट) ने बताया कि जनवरी 2019 में आयोजित ड्राइव और इस अभियान में भाग लेने के बाद अब विश्वविद्यालय के 2019 पासआउट बैच के 31 विद्यार्थियों को वर्तमान में इंफोसिस लिमिटेड में चयनित किया गया है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग के लिए सभी कमेटियों के संयोजकों व सदस्यों तथा छात्र स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया है। सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमएससी फिजिक्स की पालकी गमखड़ व मेधावी खटकड़, एमटैक फूड टैक्नॉलोजी की अंजली नरवाल, एमटैक इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के नितिन शर्मा, बीटैक कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग के कमल सिंह, काजल अरोड़ा व ऊषा कुमारी, बीटैक आईटी की सुपर्णा कांजिला तथा बीटैक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भानु प्रताप व नीरज सिंघ्रोहा तथा एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के आशीष ढुल शामिल हैं।

दैनिक ट्रिब्यून - 4/5/19

---

मिला रोजगार

सोनीपत स्थित रैपिन्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किया प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

# जीजेयू के प्रिंटिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का चयन सोनीपत स्थित रैपिन्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



प्रिंटिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता व कंपनी के अधिकारियों के साथ प्रतिभागी।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि सोनीपत स्थित रैपिन्का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 27 अप्रैल को हुए ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के [illegible] सेठ और जसवाल [illegible] (ऑपरेशन) नवीन चौधरी ने प्लेसमेंट प्रक्रिया का संचालन किया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में कंपनी द्वारा 10 विद्यार्थियों को सूचिबद्ध किया गया, जिनमें से साक्षात्कार के आधार पर छह विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान प्रिंटिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के [illegible] शामिल हैं। सभी चयनित विद्यार्थी जून 2019 में कंपनी ज्वाइन करेंगे। निदेशक प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने व मार्गदर्शन के लिए प्रिंटिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गौरव व सहायक प्राध्यापक चेतना गुप्ता का आभार प्रकट किया है।

## जीजेयू के 34 विद्यार्थियों को इंफोसिस में मिली जॉब



हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुए राज्य स्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों सहित कुल 34 विद्यार्थियों का चयन इंफोसिस लिमिटेड में हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के सौजन्य से इंफोसिस लिमिटेड कंपनी ने सिस्टम इंजीनियर के पद के लिए विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। [illegible]

अमर उजाला 04-05-19

# देशभर के इंजीनियरिंग छात्र 16 संस्थानों में कर सकते हैं ट्रेनिंग

## ट्रेनर को भी ट्रेनिंग देकर किया जाएगा ट्रेंड, ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन ने जारी की सूची

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू सहित देशभर के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स इंडस्ट्रीज में ट्रेनिंग कर जल्द रोजगार हासिल कर सकते हैं। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन ने देशभर के स्टूडेंट्स को गर्मियों के अवकाश में विभिन्न कंपनियों में इंटर्नशिप और ट्रेनिंग लेने के लिए 16 संस्थानों की सूची जारी की है। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दिलाने के लिए इनके साथ एमओयू कर चुकी है। इसके तहत देशभर के यूनिवर्सिटी व टेक्निकल कॉलेजों के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स इंडस्ट्रीज में इंटर्नशिप के साथ-साथ रिसर्च प्रोजेक्ट, ट्रेनिंग करके इन कंपनियों के साथ अन्य क्षेत्रों में रोजगार हासिल कर सकेंगे।

**यह है उद्देश्य :** यूजीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक निपुण बनाना है, ताकि स्टूडेंट्स इंडस्ट्रीज व कंपनियों की कार्यप्रणाली को अपने कोर्सेस के दौरान ही समझ सकें और अपनी स्टडी पूरी होते ही जॉब भी हासिल कर सकें।

### एक्सपर्ट को भी दी जाएगी ट्रेनिंग

ट्रेनर को भी स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग देने से पहले ट्रेंड किया जाएगा। उन्हें आज के समय के हिसाब से इंडस्ट्रियल सीनेरियो के अनुसार ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि इनसे ट्रेनिंग लेकर स्टूडेंट्स मौजूदा दौर की इंडस्ट्रीज की वर्किंग को समझ सकें और विदेश में भी कंपनी व अपने काम का विस्तार कर सकें।

**स्नातक के छात्रे कर सकेंगे ट्रेनिंग :** टेक्निकल कोर्सेस जैसे बीटेक, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के ग्रेजुएशन स्टूडेंट्स इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा ले सकेंगे। स्टूडेंट्स को विभिन्न इंडस्ट्रीज में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, स्किल्ड ट्रेनिंग, शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स करवाए जाएंगे। ट्रेनिंग व कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को इन इंडस्ट्रीज में रोजगार भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। ट्रेनिंग में इंटरनेशनल लेवल पर ट्रेनिंग प्रोग्राम, हायर एजुकेशन व रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए भी स्टूडेंट्स को सिखाया जाएगा।

### इन संस्थानों में स्टूडेंट्स कर सकते हैं ट्रेनिंग

- क्लारीवेट एनालिटिक्स
- इंटर्नशाला
- नेट, आईआईटी
- इंजीनियरिंग कांउसिल ऑफ इंडिया
- एमएसएमई
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेटिक्स टेक्नोलॉजी
- टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल
- नेशनल प्रॉडक्टिविटी काउंसिल
- यूथफोरवर्क
- हायरमी
- वीमेकस्कॉलरर्स
- ईएमबेकर्स
- स्कॉलरशहीट
- कैंपस कोंटेंट
- फोर्थ एमबिट
- स्टूडेंटिंग एरा

दैनिक भास्कर 06-05-19

# लाइब्रेरी में रात 12 बजे तक स्टूडेंट कर सकेंगे पेपर की तैयारी

## जीजेयू प्रशासन ने विवि में बनी डॉ. भीम राव अंबेडकर लाइब्रेरी में हॉल नंबर दो में दी छात्रों को सुविधा

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू के स्टूडेंट्स अब विवि कैंपस में रात 12 बजे तक भी स्टडी कर सकेंगे। जीजेयू प्रशासन ने विवि में बनी डॉ. भीम राव अंबेडकर लाइब्रेरी में हॉल नंबर दो में देर रात तक स्टडी कर सुविधा मुहैया करवाई है। विवि में बनी लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स देर रात तक स्टडी की मांग करते आ रहे थे, इसके बाद विवि प्रशासन ने मामले में स्टूडेंट्स को राहत देते हुए स्टूडेंट्स को यह सुविधा दी है। इस बारे में विवि प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के चेयरपर्सन, डायरेक्टर, डीन एकेडमिक अफेयर व हॉस्टल वार्डन को सूचना जारी की है। दरअसल, विवि प्रशासन ने लाइब्रेरी में नए रीडिंग हॉल तैयार किया है।

### गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को नहीं है अनुमति

जीजेयू की लाइब्रेरी में रात 12 बजे तक स्टडी की सुविधा का लाभ हॉस्टल छात्राएं नहीं उठा सकेंगी। हालांकि उन्हें विवि प्रशासन की ओर से हॉस्टल में ही रीडिंग हॉल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जो रात 12 बजे तक खुला रखा जाता है। जीजेयू में मौजूदा समय में पांच हजार से अधिक स्टूडेंट्स स्टडी कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी में लड़कियों व लड़कों के लिए चार-चार हॉस्टल की सुविधा दी गई है। हॉस्टलर्स के साथ विवि में पढ़ने वाले अन्य स्टूडेंट्स भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

दैनिक भास्कर 06-05-19

**GJU HONOURED**



Dr. R. Baskar, Professor, Department of Environmental Sciences and Engineering and Director Public Outreach, Guru Jambheshwar Unviersity of Science & Technology, Hisar has been invited as a resource person and has been given the responsibility of Training-In Charge for the International Earth Science Olympiad 2019. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, GJUST congratulated the Department for the recognition. Prof. Baskar told that this training is to be held in the month of May/June 2019 for about 25 days. The training program will be organized at Anna University, Chennai with Prof. Hema Achyuthan as the National Co-ordinator. The Geological Society of India is the body responsible for selecting the team for the International Earth Science Olympiad (IESO). The training camp will comprise lectures, discussions, planetarium visit, laboratory and field work. The top four students will be representing India at the 13th International Earth Science Olympiad to be held in Daegu, South Korea from 26th August to 3rd September 2019. It is an Outreach program of the Ministry of Earth Sciences, New Delhi and Geological Society of India, Bangalore. The IESO was founded as one of the major activities of the International Geoscience Education Organization (IGEO).

Indian Express 17-5-2019

# गुजवि के 12 विद्यार्थियों का कई विभागों में चयन

हिसार (सवेरा) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से हुए ऑफ कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 12 विद्यार्थियों का चयन फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम में 13 मई को हुए ऑफ कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के इनवायर्नमैंट साईंस एंड इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी व बायोटेक्नॉलोजी विभाग के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में कंपनी द्वारा विद्यार्थियों का दूरभाष के माध्यम से साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के आधार पर कम्पनी ने विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का चयन ट्रेनी टेस्टिंग आर एंड डी के पद पर किया है। प्रशिक्षण अवधि पूरा करने के पश्चात एमटेक के चयनित विद्यार्थियों को 2.40 लाख रूपये तथा एमएससी के चयनित विद्यार्थियों को 2.16 लाख रूपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

18/5/19

# गुजवि के अजय व पूजा जी मीडिया में चयनित



हिसार/20 मई/रिपोर्टर

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से हुए ऑन-कैम्पस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन जी मीडिया में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि जी मीडिया की ओर से प्लेसुमेंट ड्राइव का संचालन एचआर मैनेजर अनुभव खंडूरी व संजू राजू ने किया। कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रि-प्लेसमेंट वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को जी मीडिया व उनकी जॉब प्रोफाइल के बारे में बताया गया। इस वार्ता के बाद विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार लिया गया। इस आधार पर जी मीडिया ने विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थी आरम्भ में इंटर्नशिप करेंगे तथा बाद में कम्पनी में ऑन-जॉब रोल होंगे। मलिक ने बताया कि जी मीडिया में विश्वविद्यालय के अनेक पूर्व विद्यार्थी काम कर रहे हैं। दो वर्ष पूर्व भी विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन जी मीडिया में किया गया था। इस अवसर पर प्रो. मनोज दयाल व प्रो. मिहिर रंजन पात्रा उपस्थित रहे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में पूजा सचदेवा व अजय कुमार बिश्ट शामिल हैं।

नभछोर - 20/5/19

**मेहनत का फल** • जीजेयू के विद्यार्थी प्रदीप ने इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के ही 2 स्टूडेंट्स अनूप गिल व सुनील भ्याण के साथ मिलकर बनाया आग को डिटेक्ट करने वाला यंत्र

# जीजेयू के छात्र ने 4 साल पहले अपनी फसल और मकान को जलते देखा तो बनाया फायर डिटेक्शन यंत्र, आग लगते ही आएगा मैसेज, मोबाइल से फव्वारे चलाकर बुझा सकेंगे

[illegible]

## करीब 5 हजार में तैयार हुआ यंत्र

[illegible]

## यंत्र में लगाए गए इक्विपमेंट



[illegible]

## जानिए...क्या है प्रोसेस

[illegible]

दैनिक भास्कर - 20-5-2019

# शोधार्थी डिग्री की बजाय ज्ञान के लिए करें शोध : प्रो. शर्मा

## गुजवि के यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा हिंदी और संस्कृत विषयों पर रिफ्रेशर कोर्स में दिया व्याख्यान

[illegible]



[illegible]

### अच्छा शिक्षक वही होता है जो सकारात्मक सोच का धनी हो

[illegible]

### लेखन क्रिया में शैली व लिपियों का करना चाहिए प्रयोग

[illegible]

दैनिक जागरण - 28/5/19

# गुजवि में अब प्रवेश के लिए सीटों की संख्या 1873 से बढ़कर हुई 2093

## विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 से पांच नए कोर्स किए शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में अब विज्ञान एवं तकनीकी विषय ही नहीं बल्कि सामाजिक विज्ञान, भाषा व अन्य कला संकाय के विषय भी पढ़ाए जाने लगे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019-20 से पांच नए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर कोर्स शुरू किए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नए कोर्सों में एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमएससी योगा साइंस एंड थेरेपी, बीएससी ऑनर्स साइकोलॉजी व बीएससी ऑनर्स कंप्यूटर (डाटा साइंस) शामिल हैं।

### नए कोर्सों में भी ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू

विश्वविद्यालय के अन्य कोर्सों के साथ पांच नए कोर्सों में भी ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में कुल कोर्सों की संख्या बढ़कर 55 हो गई है। बीटेक को छोड़कर सभी कोर्सों में दाखिले के लिए 18 जून तक आवेदन किया जा सकता है। वहीं, बीएससी-एमएससी के ड्यूल डिग्री कोर्सों में 10 जून तक आवेदन होंगे। विश्वविद्यालय में बीएससी, एमएससी, एमए, एमकॉम, एमबीए, बीटेक, एमटेक, एमफार्मा, फिजियोथेरेपी, एमटेक, बीटेक, पीजी डिप्लोमा के कोर्स हैं। इससे पहले विश्वविद्यालय में बीटेक सहित कुल 50 कोर्स चल रहे हैं, जिनमें बीटेक में दाखिले ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन की ओर से होते हैं। जबकि गुजविप्रौ के बाकी कोर्सों में दाखिले के लिए गुजवि के ऑनलाइन दाखिले के लिए पोर्टल आवेदन किया जा सकता है। वहीं, विश्वविद्यालय में अब प्रवेश के लिए सीटों की कुल संख्या भी 1873 से बढ़कर 2093 हो गई है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि अधिकतर विषय एक दूसरे विषयों से संबद्ध होते हैं, ऐसे में विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान, भाषा व अन्य संबंधित विषयों के कोर्स भी होने चाहिए। अन्य विश्वविद्यालयों में भी विज्ञान एवं तकनीकी के कोर्स आवश्यक हैं।

**नेट बैंकिंग से जमा करवानी होगी फीस**

- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फीस डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवानी होगी।
- ऑनलाइन आवेदन के लिए 10वीं, 12वीं व स्नातक की सभी सूचना अपडेट करनी होगी।
- इसके साथ ही फोटो व हस्ताक्षर भी अपलोड करने होंगे।
- सभी सूचना अपडेट करने व फीस जमा करने के बाद विद्यार्थी को फीस स्लिप, आवेदन फार्म व प्रवेश परीक्षा पत्र उपलब्ध होगा।
- प्रवेश पत्र पर प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय व स्थान सभी सूचनाएं उपलब्ध होंगी।



**मेरिट आधार पर होंगे दाखिले, वेबसाइट पर है सिलेबस**

विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी कोर्सों में दाखिले विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का सिलेबस व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

> हमारा विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय में लगातार, नियमित व दूरस्थ शिक्षा के तहत नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2018-19 में भी विश्वविद्यालय द्वारा कई महत्वपूर्ण कोर्स शुरू किए गए थे, जिनके प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त रुझान रहा। विद्यार्थियों की मांग के अनुरूप आगे भी नए कोर्स शुरू किए जाते रहेंगे।
> प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुजवि।

### विवि के तीन सदस्यीय कमेटी ने सिलेबस किया तैयार

विश्वविद्यालय इससे पहले दूरस्थ शिक्षा विभाग में स्वामी विवेकानंद स्टडीज पर एक सर्टिफिकेट कोर्स भी इसी सत्र से शुरू किया है। वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया था।

विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई तीन सदस्यीय कमेटी ने सिलेबस लगभग तैयार किया है। इस कोर्स की खास बात यह होगी कि इसका प्रैक्टिकल व्यावहारिक होगा।

यानी विद्यार्थी को नेकी और भलाई के विभिन्न कार्य करते हुए स्वयं की 10 फोटो अपनी असाइनमेंट पर चिपकानी होंगी। तभी उन्हें कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। विद्यार्थी 12वीं के बाद यह कोर्स कर सकेंगे।

दैनिक जागरण - 22-5-2019

# गुजवि में एमए हिंदी, इंग्लिश सहित पांच नए कोर्स शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में इस सत्र से पांच नए कोर्स शुरू कर दिए गए हैं। इनमें एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एमएससी योग साइंस एंड थेरेपी, बीएससी ऑनर्स साइकोलॉजी और बीएससी ऑनर्स कंप्यूटर (डाटा साइंस) शामिल हैं। इसके साथ ही गुजवि में कोर्सों की संख्या 55 हो गई है।

सोमवार को इन विषयों में भी दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। सभी कोर्सों में 44-44 सीटें रखी गई हैं। विद्यार्थी 18 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में इसके अलावा भी विभिन्न संकायों में बीटेक, बीएससी, एमएससी, एमटेक के कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि [illegible] अधिकतर विषय एक-दूसरे विषयों से संबद्ध होते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान, भाषा और अन्य संबंधित विषयों के कोर्स भी होने चाहिए। इसी प्रकार अन्य विश्वविद्यालयों में भी विज्ञान एवं तकनीकी के कोर्स आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मांग के अनुरूप आगे भी नए कोर्स शुरू किए जाते रहेंगे।

**44** - 44 सीटें सभी कोर्सों में रखी गईं

**18** जून तक दाखिलों के लिए कर सकते हैं आवेदन

गुजवि में चल रहे कोर्सों की संख्या हुई 55, इसी सत्र से दिए जाएंगे दाखिले

दैनिक जागरण 22-5-19

### जीजेयू में निजी कोचिंग की वीडियो वायरल होने पर कारण बताओ नोटिस

हिसार | जीजेयू में साइकोलॉजी डिपार्टमेंट में टीचर द्वारा नेट कोचिंग देने के मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें कोचिंग देने वाले टीचर के विभाग से जवाब मांगा है। गौरतलब है कि डिपार्टमेंट के एक कक्ष में प्राइवेट तौर पर स्टूडेंट्स से फीस लेकर नेट कोचिंग देने का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसे यूनिवर्सिटी के ही एक स्टूडेंट ने बनाया था। इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने डिपार्टमेंट के चेयरमैन को रिपोर्ट भेजने के लिए कहा था। रिपोर्ट मिलने पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

...तम्बर को देशभक्ति कार्यक्रम 'मां तुझे सलाम' में हिस्सा लेंगी सभी कॉलेजों की एनएसएस यूनिट

# ...जेयू को एनएसएस इकाई की पांच नई यूनिट अलॉट

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा (डीएचई) ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की पांच नई यूनिट अलॉट की है। जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पर खुशी जताई है। इस बारे में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों के कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक जीजेयू के समन्वयक डॉ. अनिल कुमार भानखड़ की अध्यक्षता में हुई।

डॉ. अनिल कुमार भानखड़ ने बताया कि पांच नई यूनिट में राजकीय महाविद्यालय, बालसमंद, डाटा, खेड़ी चौपटा, उकलाना व राजकीय कन्या महाविद्यालय, उकलाना शामिल है। विश्वविद्यालय में आयोजित



एनएसएस इकाई की बैठक की अध्यक्षता करते समन्वयक डॉ. अनिल कुमार व कार्यक्रम अधिकारी

बैठक में नवआगन्तुक विद्यार्थियों का जल्द पंजीकरण करवाने के बारे विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को एनएसएस के साथ जोड़ने की अपील भी की। आगामी 27 सितम्बर को देशभक्ति कार्यक्रम 'मां तुझे सलाम' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के स्वयंसेवक भी भाग लेंगे। डॉ. भानखड़ ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार वर्ष में होने वाले कार्यक्रम रक्तदान शिविर, सात दिवसीय कैम्प, पौधारोपण व माह में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश है। बैठक में डीएचई, हरियाणा के आदेशों के पालन करने तथा महाविद्यालयों द्वारा समय पर प्रगति रिपोर्ट विश्वविद्यालय में भेजने बारे भी आदेश जारी किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य एनएसएस वार्षिक कार्यक्रमों बारे विचार-विमर्श किया गया। बैठक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कश्मीरी लाल, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. सुमन दहिया, डॉ. विजय पाल व डॉ. विक्रमजीत सहित सीआरएम जाट महाविद्यालय, हिसार, दयानंद महाविद्यालय, हिसार, फतेहचंद महिला महाविद्यालय, हिसार, राजकीय महाविद्यालय, हिसार, नलवा, हांसी, आदमपुर व बरवाला के कार्यक्रम अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

दैनिक भास्कर - 29-5-2019

# जीजेयू के दस स्टूडेंट्स कोलेबेरा कंपनी में चयनित

ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 65 स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा कोलेबेरा कंपनी के साथ ऑन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव में विश्वविद्यालय के दस विद्यार्थियों का चयन हुआ। जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि ऑन-कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक आईटी, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा एमटेक फूड टेक्नोलॉजी के 65 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कम्पनी एचआर मैनेजर सोनू त्यागी द्वारा प्लेसमेंट प्रक्रिया का संचालन किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों का समूह वार्ता, तकनीकी साक्षात्कार व व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के दस विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

प्लेसमेंट निदेशक ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग व फूड टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्षों का विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए धन्यवाद किया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में जीजेयू के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के श्वेता शर्मा, मोहित शर्मा, प्रियंका चारडे, यामिनी सैनी, मनुप्रिया, जसप्रीत सिंह, बीटेक आईटी की पिंकी, हर्षिता, बीटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग की अंजलि राणा तथा एमटेक फूड टेक्नोलॉजी की छात्रा वृंदा शामिल है।

दैनिक भास्कर - 29-5-2019

# गुजवि में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा



ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा से पहले प्रवेश पत्र की जांच करते हुए अधिकारी।

हिसार, 29 मई (ब्यूरो): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) डी.ई.टी. (एल.)-2019 में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय कम्प्यूटर एंड इंफोमेटिक्स सैंटर में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा संचालन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केन्द्र में जाकर परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा पारदर्शिता के साथ चल रही है। सैंटर के निदेशक मुकेश अरोड़ा ने बताया कि यह परीक्षा हरियाणा स्टेट टैक्नीकल एजुकेशन सोसायटी, हरियाणा द्वारा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 29 मई से 31 मई तक डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) डी.ई.टी. (एल.)-2019 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा तीन जून से 7 जून तक बी.टैक (लेटरल एंट्री) प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रतिदिन तीन शिफ्टों में होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में प्रतिदिन 150 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

**3 शिफ्टों में होने वाली परीक्षा में प्रतिदिन 150 विद्यार्थी देंगे परीक्षा**

पंजाब केसरी- 30/5/19

## डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए हुई ऑनलाइन परीक्षा



हिसार। जीजेयू में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) डीईटी (एल)-2019 में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय कम्प्यूटर एंड इंफोमेटिक्स सेंटर में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा संचालन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने परीक्षा केंद्र में जाकर परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का पंडित दीन दयाल उपाध्याय कम्प्यूटर एंड इंफोमेटिक्स सेंटर ऑनलाइन परीक्षा के संचालन के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा पारदर्शिता के साथ चल रही है। विश्वविद्यालय सभी प्रकार की परीक्षाओं में उच्चस्तरीय मापदंड स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय कम्प्यूटर एंड इंफोमेटिक्स सेंटर के निदेशक मुकेश अरोड़ा ने बताया कि यह परीक्षा हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी हरियाणा द्वारा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 29 मई से 31 मई तक डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) डीईटी (एल)-2019 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा 3 से 07 जून तक बीटेक (लेटरल एंट्री) प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रतिदिन तीन शिफ्टों में होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में प्रतिदिन 150 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

अमर उजाला- 30/5/19

# शोध में पारंपरिक विधियों व तकनीक का समन्वय आवश्यक : प्रो. मीरा



व्याख्यान के दौरान जंभेश्वर महाराज को नमन करते स्टाफ। -अमर उजाला

## जीजेयू में हिंदी साहित्य की शोध प्रक्रिया विषय पर विशेष व्याख्यान

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। जीजेयू के यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र में चल रहे रिफ्रेशर कोर्स के तीसरे दिन बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की सेवानिवृत्त प्रो. मीरा गौतम ने हिंदी साहित्य की शोध प्रक्रिया विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. मीरा गौतम ने कहा कि 21वीं सदी में शोध की तकनीकें लगातार बदल रही हैं।

शोधार्थी को इन बदलती तकनीकों को समझना होगा तभी वह अपने शोध को सही अंजाम तक ले जा पाएगा। शोध की पारंपरिक विधियों व वर्तमान तकनीक में समन्वय होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिंदी विषय महासमुद्र है, इससे विज्ञान व मनोविज्ञान निकलता है। हर विषय की शोध प्रक्रिया अलग होती है। शोधार्थी को उस शोध प्रक्रिया को समझना चाहिए साथ ही संबंधित विषय की शब्दावली का अच्छा ज्ञान भी शोधार्थी को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्ययन में अहंकार नहीं होना चाहिए। अध्ययन जमीनी स्तर से जुड़ा हुआ होना चाहिए तथा समाजहित में अध्ययन का उपयोग होना चाहिए। विशेष व्याख्यान से पूर्व कोर्स समन्वयक प्रो. किशनाराम बिश्नोई ने प्रतिभागियों को गुरु जंभेश्वर भवन में स्थित मंदिर में गुरु जंभेश्वर महाराज के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि गुरु जंभेश्वर महाराज परम संत, परम ज्ञानी, पर्यावरणविद तथा भूत, वर्तमान व भविष्य के ज्ञाता थे। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक प्रो. नीरज दिलबागी भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला-30-5-2019

**पहल** • जीजेयू में जॉब प्लेसमेंट पाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी, जिसमें 47 स्टूडेंट्स कंप्यूटर साइंस विभाग के

# जीजेयू ने एक सेशन में 47 कंपनियों के प्लेसमेंट ड्राइव कराए, 200 से अधिक स्टूडेंट्स को मिला रोजगार

सुनाम छंद | हिसार

जीजेयू ने वर्ष 2018-19 के सेशन में 200 से अधिक स्टूडेंट्स को रोजगार दिलवाने में सफलता हासिल की है। जीजेयू की प्लेसमेंट सैल ने विभिन्न कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। यह पहली बार है कि जब एक सेशन में 200 से अधिक स्टूडेंट्स रोजगार हासिल किया। सेशन के अंत तक यह संख्या 250 तक पहुंची सकती है। जीजेयू में प्लेसमेंट सैल में शुरुआत में हेड की पोस्ट थी, इसके बाद यूनिवर्सिटी ने बदलाव करके डायरेक्टर प्लेसमेंट की पोस्ट डिवेलप की गई। इसके लिए यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव की संख्या को बढ़ाया है। हाल ही में इंफोसिस कंपनी ने भी जीजेयू में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें यूनिवर्सिटी के 31 स्टूडेंट्स को चयनित किया गया। यूनिवर्सिटी में हुई ड्राइव में 11 व रोहतक में 20 बच्चों को सिलेक्ट किया गया था। यूनिवर्सिटी में हर दूसरे सप्ताह में दो प्लेसमेंट ड्राइव हुई। कुल मिलाकर 47 कंपनियां पहुंची और 67 प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

## तकरीबन सभी डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स की लगी जॉब

जीजेयू में इस सेशन में 22 डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स की जॉब लगी है। इसमें कंप्यूटर साइंस विभाग में सबसे अधिक 74 स्टूडेंट्स व एचएसबी डिपार्टमेंट के 49 स्टूडेंट्स ने जॉब हासिल करने में सफलता हासिल की। इनके अलावा एमएसी फिजिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी मास कम्यूनिकेशन, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीटेक में सीएससी, आईटी, ईसीई, एमएसीए, एमबीए, बी फार्मा, बीएससी सहित अन्य कोर्सेज के स्टूडेंट्स ने जॉब हासिल की। स्टूडेंट्स ने 1.8 लाख के वार्षिक पैकेज से 4.3 लाख के पैकेज की जॉब हासिल की है।

### यह होता है प्रोसेस

प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कंपनियों को यूनिवर्सिटी की प्रोफाइल भेजी जाती है। कंपनियों को स्टूडेंट्स के बारे में जानकारी दी जाती है। कंपनियां रिटन टेस्ट, इंटरव्यू प्रोसेस के तहत प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करती है। जीजेयू की ए ग्रेड रैंकिंग, ट्रेक रिकॉर्ड, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित एमबीए, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, बीटेक व अन्य कोर्सेस के स्टूडेंट्स की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलने के कारण यूनिवर्सिटी में कंपनियों की संख्या बढ़ी है।

### स्टूडेंट्स व टीचर की मेहनत का नतीजा

प्लेसमेंट ऑफिसर, डिपार्टमेंट के टीचर व स्टूडेंट्स की मेहनत का नतीजा है। इसको और आगे बढ़ाने के लिए स्टूडेंट्स को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।
- प्रो. टंकेश्वर कुमार, वीसी, जीजेयू।

### प्लेसमेंट ड्राइव के विभिन्न प्रकार-

- ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव - कंपनी सीधे संस्थान में आती है।
- ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव - कंपनी संस्थान के स्टूडेंट्स को अपने यहां बुलाकर इंटरव्यू लेती है।
- पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव - कंपनी किसी एक संस्थान में ड्राइव आयोजित करती है, लेकिन वहां अन्य संस्थानों के स्टूडेंट्स भी बुला सकती है।
- ई- कैंपस ड्राइव - टेलिफोनिक इंटरव्यू व ऑनलाइन इंटरव्यू के जरिए स्टूडेंट्स का इंटरव्यू लिया जाता है।

दैनिक भास्कर - 30/5/19

# जीजेयू के चार स्टूडेंट्स कैंपस प्लेसमेंट में चयनित

हिसार | जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल ने जींद स्थित लक्ष्य फूड (इंडिया) लिमिटेड के साथ ऑन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। ड्राइव में जीजेयू के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके अलावा कंपनी ने दो विद्यार्थियों का चयन इंटर्नशिप के लिए किया गया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि ऑन-कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक फूड टेक्नोलॉजी, बॉयो एंड नैनो टेक्नोलॉजी व एमबीए के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कम्पनी के मार्केटिंग मैनेजर विवेक सिंगला, मैनेजर एचआर मनोज जागलान, मैनेजर सेल्स वीरेंद्र सिंह व क्वालिटी कंट्रोल एग्जीक्यूटिव दीपक रंजन द्वारा प्लेसमेंट प्रक्रिया का संचालन किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों का समूह वार्ता, तकनीकी साक्षात्कार व व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है तथा दो विद्यार्थी इंटर्नशिप के लिए चयनित किए गए हैं। प्लेसमेंट निदेशक ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा फूड टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्षों का विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए धन्यवाद किया।

Dainik Bhaskar